सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-559
16/12/2018

मुख्यमंत्री ने जीविका के सहयोग से महिला कृषकों द्वारा किये जा रहे कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग का निरीक्षण किया

- पंचायत सरकार भवन में लोक सेवा अधिकार केन्द्र का किया उद्घाटन

पटना, 16 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चम्पारण जिला (मोतिहारी) के हरसिद्धि प्रखंड के सोनबरसा ग्राम में जीविका दीदियों द्वारा की जाने वाली आलू अनुबंध खेती मॉडल का निरीक्षण कर जीविका दीदियों से इस संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की। जीविका दीदियों ने अंगवस्त्र भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। संपोषित कृषि जीविका एग्री प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मेम्बर एवं जीविका दीदी श्रीमती शोभा देवी ने आलू अनुबंध खेती मॉडल के विषय मे मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि सिद्धि विनायक एग्री प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ 4 अक्टूबर 2018 को संपोषित कृषि जीविका एग्री प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ने आलू की अनुबंध खेती के संबंध में एकरारनामा किया था, जिसके अंतर्गत एस0भी0 एग्री प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड न्यूनतम 5.5 रुपये प्रति किलो आलू की खरीद करेगी।

जीविका दीदी श्रीमती शोभा देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि आलू के अलावा मक्का और हल्दी की खेती करने की योजना भी कई समूहों की दीदियों ने मिलकर बनाई है। आलू अनुबंध खेती मॉडल के तौर पर अभी 13 एकड़ में बीज वाला और 26 एकड़ में चिप्स वाले आलू की बोआई की गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल से मकई से मुर्गी का दाना बनाकर हमलोग बेचेंगे। उन्होंने कहा कि जीविका योजना शुरू होने से महिलाओं को काफी मान सम्मान मिला है। घर–परिवार से लेकर सरकारी अधिकारी भी महिलाओं के प्रति आदर का भाव रखते हैं। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदीयों द्वारा आलू अनुबंध खेती का खेतों में जाकर अवलोकन भी किया।

जीविका दीदियों की बात सुनने के बाद सिद्धि विनायक कम्पनी के अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने आलू अनुबंध खेती मॉडल द्वारा उत्पादित आलू के उत्पादन से लेकर उसकी अधिप्राप्ति के संबंध में कम्पनी की भूमिका के विषय में विस्तृत जानकारी ली। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री बालामुरगन डी0 को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ एक्सपेरिमेंट हो जाय, उसके बाद इसे प्रमोट करके धीरे–धीरे इसका विस्तार कीजिये। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को उनके द्वारा उत्पादित की गई आलू का कम से कम न्यूनतम कीमत मिले, यह हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब–हरियाणा के खेतों में फसल के अवशेष में आग लगाने का प्रचलन धीरे–धीरे बिहार में बढ़ता जा रहा है, जिसे हर हाल में रोकना होगा, नहीं तो पूरे बिहार में भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इससे किसानों की तबाही बढ़ेगी और पर्यावरण भी प्रदूषित होगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस काम में कृषि कार्य में लगी जीविका दीदियों को लगायें ताकि वे किसानों को इसका नुकसान समझायें, साथ ही ऐसे सुझाव देने वाले लोगों को भी चिन्हित करें। उन्होंने

कहा कि पहले रोहतास और कैमूर में यह देखने को मिलता था लेकिन अब तो पटना और नालंदा के किसान भी बड़ी संख्या में अपने खेतों में आग लगाने लगे हैं। बातचीत के क्रम में जीविका दीदियों से भी मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों में आग लगाने की प्रक्रिया बंद हो, इसके लिए आप अपने घर के साथ ही आस पड़ोस के लोगों को भी समझाइये।

इसके पश्चात सोनबरसा गांव में ही बिहार लोक सेवाओं का अधिकार सह पंचायत सुविधा केंद्र का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण एवं रिबन काटकर मुख्यमंत्री ने किया। उद्घाटन के बाद पंचायत सुविधा केंद्र में आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज हेतु ऑनलाइन आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार पंजीकरण सहित काउंटर पर उपलब्ध सुविधाओं के विषय में अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपस्थित आवेदकों और काउंटर के कार्यपालक सहायकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्रों में किसी भी तरह का टाइपिंग इरर नहीं होना चाहिये, यह सुनिश्चित किया जाय। इसके बाद पास में ही बने पंचायत सरकार भवन का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। मुआयना के बाद स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, कुशल युवा कार्यक्रम के तहत लर्नर फेसिलिटेटर के पद हेतु नियुक्ति पत्र एवं इंटरमीडिएट फर्स्ट डिवीजन से पास होने वाली लड़कियों के बीच मिलने वाले लाभ का वितरण मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच किया। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के लाभुकों को भी मुख्यमंत्री ने वाहन की चाबी सौंपी। पंचायत सरकार भवन के समक्ष ही स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, जीविका एवं कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने यहाँ वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, पर्यटन मंत्री श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, पूर्व मंत्री श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गुप्ता, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, अपर निदेशक बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन श्रीमती प्रतिमा वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री नर्मदेश्वर लाल, जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण श्री रमण कुमार, पुलिस अधीक्षक पूर्वी चम्पारण श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, जीविका दीदियां एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******